RNI No. DDHIN/2021/81605 | संघ प्रदेश दमण से प्रकाशित एवं दानह तथा वापी-वलसाड़ में वितरीत होने वाला एकमात्र हिंदी साप्ताहिक | DARE TO SHARE

सुविचार

सपनों की कीमत वही समझता है,जिसने उन्हें पाने के लिए रातें जलाई हैं।


# डेयर टू शेयर

www.daremedia.in


सूचना

दमण से प्रकाशित हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र 'डेयर टू शेयर' में प्रेस नोट एवं अपने आस-पास की घटनाओं को प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें- 9898109815/8000360011

मालिक / प्रकाशक : संध्या चौहान || संपादक : मनोज रावल || उप–संपादक : तुषार चौहान || कार्यकारी संपादक : समीर गोहिल || वर्ष 4 || अंक : 51 || दमण गुरुवार, 17 जुलाई 2025 || पृष्ठ 4 || मूल्य 4 रूपये || Email : dare.media24x7@gmail.com









# कलाबेन डेलकर ने दिशा समिति बैठक में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिए महत्वपूर्ण निर्देश










डेयर टू शेयर - सिलवासा

---

दादरा एवं नगर हवेली की सांसद श्रीमती कलाबेन एम. डेलकर की अध्यक्षता में आज जिला सचिवालय, सिलवासा के सभा कक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित 53 जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें ज़मीनी स्तर तक सुचारु रूप से लागू करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करना था। बैठक में श्री प्रियांक किशोर (जिला समाहर्ता), पवन कुमार गोएल (आईएएस अधिकारी), श्री दामजी कुरादा (प्रमुख, जिला पंचायत), श्रीमती रजनी शेट्टी (सिलवासा नगर परिषद), श्री अरुण गुप्ता (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत), श्री अमित कुमार (उप समाहर्ता-निवासी) तथा अन्य विभागीय प्रमुख और तकनीकी अधिकारीगण उपस्थित रहे। कलाबेन डेलकर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे पारदर्शिता, त्वरित कार्यान्वयन और लाभार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ कार्य करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।

कलेक्टर प्रियांक किशोर के नेतृत्व में 53 योजनाओं की गहन समीक्षा, ज़मीनी चुनौतियों पर हुआ विस्तृत मंथन

दादरा एवं नगर हवेली के जिला समाहर्ता श्री प्रियांक किशोर के संयोजन में दिशा समिति की बैठक में 53 केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया गया। योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण व शहरी), जल जीवन मिशन, मनरेगा, पोषण अभियान, कौशल विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और ग्रामीण आजीविका मिशन शामिल थीं। श्री प्रियांक किशोर ने सभी विभाग प्रमुखों से योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करवाई एवं कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से योजनाओं में आने वाली समस्याओं की पहचान कर समाधान हेतु समन्वित प्रयास करने का आग्रह किया।

प्रशासक प्रफुलभाई पटेल के सुशासन में केंद्र योजनाओं के धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में बड़ा कदम

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के माननीय प्रशासक श्री प्रफुलभाई पटेल के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक न केवल योजनाओं के मूल्यांकन का अवसर बनी बल्कि यह भी प्रमाणित किया कि सुशासन और पारदर्शिता प्रदेश प्रशासन की प्राथमिकता है।

प्रफुलभाई पटेल के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पोषण और आवास जैसी योजनाओं को सशक्त रूप से लागू किया जा रहा है, जिससे आमजन का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। यह बैठक इस बात का प्रमाण बनी कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीनी सच्चाई में भी अपना प्रभाव छोड़ रही हैं।

इस दिशा समिति बैठक में केंद्र सरकार की 53 योजनाओं की समीक्षा का उद्देश्य सिर्फ रिपोर्टिंग भर नहीं था, बल्कि प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, और लाभार्थी तक पहुंच को सुनिश्चित करना था। यह बैठक संघ प्रदेश प्रशासन के लिए एक Accountability Benchmark सिद्ध हुई। श्रीमती कलाबेन डेलकर की अध्यक्षता और प्रफुलभाई पटेल के प्रशासनिक नेतृत्व में योजनाओं की multidimensional review की गई – जिसमें केवल आंकड़ों की नहीं, ground-level feedback और inter-department coordination पर भी चर्चा हुई। विशेष रूप से, श्री प्रियांक किशोर (जिला समाहर्ता) द्वारा योजनाओं की निष्पक्ष समीक्षा और अधिकारियों से समाधानमूलक संवाद ने यह साबित किया कि स्थानीय प्रशासन न केवल योजनाओं को लागू कर रहा है, बल्कि उनके long-term outcomes पर भी ध्यान दे रहा है। श्री पवन कुमार गोएल (IAS), श्री दामजी कुरादा, श्रीमती रजनी शेट्टी, श्री अरुण गुप्ता, श्री अमित कुमार और अन्य अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी इस बात का संकेत है कि प्रदेश की नौकरशाही जनहित में एकजुटता से कार्य कर रही है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेशभाई अगरिया का सिलवासा में भव्य स्वागत समारोह आयोजित

## अटल भवन में हुआ सम्मान कार्यक्रम, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत भाई पटेल रहे विशेष अतिथि








डेयर टू शेयर - सिलवासा

---

भारतीय जनता पार्टी दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव प्रदेश के अध्यक्ष श्री महेश भाई अगरिया के सम्मान में आज सिलवासा शहर जिला भाजपा द्वारा एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह सिलवासा शहर मंडल की ओर से भाजपा कार्यालय – अटल भवन, सिलवासा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सिलवासा शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शांतु भाई पुजारी के नेतृत्व में किया गया। समारोह में भाजपा प्रदेश प्रभारी आदरणीय श्री दुष्यंत भाई पटेल ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेश भाई अगरिया का पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मज़बूत करने, ज़मीनी स्तर पर जुड़ाव बढ़ाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगरवासी और शहर मंडल के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति अपना समर्थन एवं विश्वास व्यक्त किया। इस समारोह में भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्री सुनील पाटिल, पार्टी के वरिष्ठ नेता, नगरसेवक, और अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना
## Public Notice

डेयर टू शेयर (अखबार) / PUBLIC VOICE (यूट्यूब चैनल) के नाम पर कोई भी व्यक्ति या अपने आपको रिपोर्टर कह कर आप से किसी भी प्रकार की धनराशि की माँग करता है या आप को न्यूज के नाम पर ब्लैकमेल करता है, तो कृपया:

1. तुरंत अपने स्थानीय पुलिस को सूचित करें।
2. हमें वॉट्सएप या कॉल 9898109815, 8000360011 पर प्रमाण (स्क्रीनशॉट/रिकॉर्डिंग) के साथ सूचित करें।

हम ऐसी धोखाधड़ी एवं अनैतिक गतिविधियों की कड़ी निंदा करते हैं

हम ऐसे अनैतिक और अवैध कार्यों को किसी भी प्रकार से समर्थन नहीं देते हैं। और प्रभावितों के साथ कानूनी कार्रवाई में पूर्ण सहयोग देंगे।

सतर्क रहें | जागरूक रहें | धन्यवाद।

---

प्रबंधन टीम
डेयर टू शेयर (अखबार)
PUBLIC VOICE (YouTube चैनल)
संपर्क:
मोबाइल नो. 9898109815, 8000360011
ईमेल : dare.media24x7@gmail.com

नोटः यह सूचना सभी पाठकों, व्यवसायों एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए प्रकाशित की गई है। कृपया इसे साझा करके धोखाधड़ी रोकने में सहयोग करें।

# दीव शिक्षा में टॉप 10, दमन टॉप 50 जिलों में शामिलः राष्ट्रीय शिक्षा सर्वेक्षण 2024 में संघ प्रदेश को ऐतिहासिक सफलता

डेयर टू शेयर - दमण/दीव

---

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव के लिए शिक्षा के क्षेत्र में यह वर्ष ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित PARAKH राष्ट्रीय शिक्षा सर्वेक्षण 2024 में प्रदेश के दीव जिले ने देश के शीर्ष 10 जिलों में स्थान प्राप्त किया है, जबकि दमन जिला भी भारत के टॉप 50 जिलों में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। इससे पहले 2 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में इस सर्वेक्षण के प्रारंभिक परिणाम घोषित किए गए थे, जिसमें पूरे संघ प्रदेश ने 25 स्थानों की जबरदस्त छलांग लगाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर औसतन 5वाँ स्थान प्राप्त किया था। अब हाल ही में घोषित जिला-वार रैंकिंग में दीव और दमन की प्रगति ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है।





## PARAKH सर्वे में दीव ने कक्षा 6 में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर रचा इतिहास

दीव जिला रैंकिंग
- कक्षा 3: देश में 4वाँ स्थान
- कक्षा 6: देश में 1ला स्थान
- कक्षा 9: देश में 6वाँ स्थान

दमन जिला रैंकिंग
- कक्षा 3: 45वाँ स्थान
- कक्षा 6: 24वाँ स्थान
- कक्षा 9: 34वाँ स्थान

कक्षा 6 में दीव देशभर में नंबर 1

दीव जिले ने कक्षा 6 में पूरे देश के 781 जिलों में पहला स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह सफलता न केवल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की मजबूती का प्रमाण है, बल्कि यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और माननीय प्रशासक श्री प्रफुल पटेल के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति भी है। 2017 में जहां दीव जिला राष्ट्रीय शिक्षा सर्वेक्षण (NAS) में देश के अंतिम 10 जिलों में था, वहीं आज यह शीर्ष 10 में पहुँच चुका है — यह परिवर्तन नीति, नेतृत्व और समर्पण का सशक्त उदाहरण है। सफलता के मुख्य कारण नवाचार आधारित नीतियाँ शिक्षकों का क्षमता निर्माण डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग सतत मॉनिटरिंग और मार्गदर्शन प्रशासनिक नेतृत्व और प्रतिबद्धता विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों का सहयोग आगे की दिशा यह प्रेरणादायक उपलब्धि संघ प्रदेश को शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और नवाचार की ओर निरंतर अग्रसर करती रहेगी। आने वाले समय में शिक्षा विभाग इस गति को बनाए रखने के साथ और भी ऊँचाइयों को छूने का लक्ष्य रखता है। संघ प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है — जब छोटे जिले भी राष्ट्रीय मंच पर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी चमक बिखेर रहे हैं।

# संपादकीय

## मीडिया एक हथियार है

विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टेक्स्ट या वीडियो माध्यम से असामाजिक अभिव्यक्ति की जा रही है। ऐसी सार्वजनिक अभिव्यक्ति से उत्पन्न होने वाली विभाजनकारी प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, देश के सर्वोच्च न्यायालय ने स्व-नियमन का आह्वान किया है। दरअसल, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ एक नागरिक द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रही थी, जिसके खिलाफ एक धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में कई राज्यों में एफआईआर दर्ज की गई थीं। न्यायालय ने कहा कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। इसके अलावा, यह वांछनीय है कि नागरिक इस अधिकार का प्रयोग करते समय आत्म-संयम बरतें। न्यायालय ने चेतावनी दी है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी गतिविधियों को नियंत्रित नहीं किया गया, तो सरकार को हस्तक्षेप करने का अवसर मिल जाएगा और इससे बेहतर स्थिति नहीं बनेगी। समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने वाले संदेश भारत की सभ्यता और सद्भाव के लिए एक गंभीर चुनौती हैं। यही कारण है कि न्यायालय को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिए दिशानिर्देश जारी करने पर विचार कर रहा है। दरअसल, न्यायालय का मानना था कि संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत दी गई स्वतंत्रता कभी असीमित नहीं होती। अगर इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है, तो सरकार को दखलंदाजी का मौका मिल जाता है। जो एक लोकतांत्रिक देश के लिए अच्छा संकेत नहीं है। कोई नहीं चाहता कि सरकार उनकी अभिव्यक्ति की आज़ादी पर नियंत्रण रखे। असल मायनों में लोगों को यह समझना चाहिए कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना एक मौलिक कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि नागरिक खुद क्यों नहीं समझते? कोर्ट का मानना था कि अभिव्यक्ति की आज़ादी का आनंद लोग तभी ले सकते हैं जब सभी को इसकी सीमाओं का एहसास हो। सुप्रीम कोर्ट की बेंच का मानना था कि समाज में नफ़रत से तभी निपटा जा सकता है जब नागरिकों में भाईचारा हो। तभी हम गंगा-यमुना तहज़ीब वाला समाज बना पाएंगे। हालाँकि, कई राज्यों में अभिव्यक्ति की आज़ादी को नियंत्रित करने के सरकारी कदमों पर सवाल उठे हैं। कई जगहों पर लोगों को गिरफ़्तार किया गया है, जहाँ विचारों की अभिव्यक्ति और कार्टून आदि बनाने को राजनीतिक पूर्वाग्रह बताया गया है। इसे सत्ता में बैठे लोगों द्वारा बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया गया है। आरोप लगाया गया है कि सत्तारूढ़ दल की विचारधारा के अनुसार, अभद्र अभिव्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, लेकिन दूसरे राज्य में जहां कोई अन्य राजनीतिक दल सत्ता में है, यह अभिव्यक्ति अपराध बन जाती है। कहा गया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के माध्यम से किसी भी सीमा को तोड़ना बुरा या आपत्तिजनक हो सकता है, लेकिन इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। इसे कानून के आलोक में देखा जाना चाहिए। यह एक निर्विवाद सत्य है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग किया जा रहा है। लोगों का दोष यह है कि वे किसी विशेष पार्टी के एजेंडे वाली सामग्री को बिना पढ़े अन्य लोगों और समूहों के साथ साझा करते हैं। वास्तव में, आम नागरिकों को सोशल मीडिया पर संयमित तरीके से व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। बहुत से लोग इस बात से अवगत नहीं हैं कि सोशल मीडिया पर साझा की जाने वाली सामग्री कितनी संवेदनशील है। कई लोग जाने-अनजाने में ऐसी सामग्री अन्य व्यक्तियों और समूहों के साथ साझा करते हैं जो असामाजिक हो सकती है बेशक, भावनात्मक कमज़ोरियों से कोई भी मुक्त नहीं है, लेकिन शेयर की जा रही सामग्री के पीछे छिपे तर्क पर विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, सोशल मीडिया आज एक ऐसा हथियार बन गया है कि एक छोटी सी चूक भी जानलेवा साबित हो सकती है। हर नागरिक के लिए इतना सतर्क और जागरूक होना ज़रूरी है कि वह विभिन्न स्रोतों से आने वाली सामग्री के पीछे के मकसद को समझ सके। संयमित, तार्किक और सतर्क प्रतिक्रिया से ही हम अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार का आनंद ले सकते हैं।

**संपादक: मनोज रावल**

### सिलवासा में शिक्षकों की कमी को लेकर

# शिवसेना अध्यक्ष श्वेतल भट्टने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लिखा पत्र

डेयर टू शेयर - सिलवासा

------------------------------

सिलवासा सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी एवं रखरखाव (Maintenance) के अभाव को लेकर दानह एवं दमण-दीव (उद्धव गुट) शिवसेना प्रमुख श्वेतल भट्ट ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिख कर मांग की है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समस्या का समाधान जरूरी है। उन्होने कहा है कि स्मार्ट सिटी सिलवासा में प्रशासन द्वारा निर्मित विश्व स्तरीय, सरकारी स्कूल स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर का निर्माण किया गया है। विद्यालय में करीब 4 हजार विध्यार्थी पढ़ते है, जो पहचान है। परंतु स्कूल में कुछ जरूरी खामिया उजागर हुई हैं। जिसे लेकर 7 जुलाई-2025 को विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसमे बताया गया कि, पीने के पानी, लाइट, स्वच्छ टॉयलेट जैसी प्राथमिक सुविधाओं के अभाव को लेकर विद्यार्थियों लंबे समय से परेशान थे। विद्यार्थियों की उग्र मांग को शिक्षा विभाग के अधिकारी ने भी जायज ठहराया है। फिलहाल अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आश्वासन तो दिया है मगर प्रशासन के सामने इतनी बड़ी और विशाल कैंपस वाली विद्यालय में रखरखाव भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। इस विद्यालय में करीब 4 हजार विद्यार्थियों के बीच केवल 69 शिक्षक (प्रिंसीपल और पी.टी.




टीचर के साथ) कार्यरत हैं। शिक्षा पद्धति से देखा जाए तो, एक बहुत बड़ी कमी है। इस स्थित में प्रशासन को तत्काल प्रभाव से शिक्षकों की भर्ती करनी चाहिए। दूसरी ओर 30-35 किलोमीटर दूर गावों से आने वाले विद्यार्थियों ने समय में बदलाव की भी मांग की है। उनका कहना है कि, स्कूल का समय बदला गया है, जिसके कारण आने-जाने में दिक्कतें हो रही हैं। नीट जैसी परीक्षा की तैयारी के लिए समय ही नहीं मिलते हैं। स्थानीय प्रशासन ने स्मार्ट सिटी सिलवासा में जिस तरह बुनियादी दांचे (World Class Infrastructure) वाली मॉडल स्कूल बनाई है तो, इसी स्तर की प्राथमिक सुविधाओं को भी उपलब्ध कराना होगा। उन्होने बताया है कि शिक्षकों की कमी की समस्या प्रदेश की अन्य सरकारी स्कूलों में भी है। हमारे प्रशासन के मुखिया मेहनत करके बुनियादी सुविधाओं उपलब्ध करा रहे हैं। लेकिन भीतर की समस्याएं उन तक नहीं पहुंचाई जा रही है। उन्होने मांग की है कि इन सारी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विध्यार्थी मुक्त वातावरण में अभ्यास कर सके ऐसी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय प्रशासन को आदेश दिया जाए।

# वापी के करमखल गाँव के प्राथमिक विद्यालय में प्राकृतिक खेती पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित




डेयर टू शेयर - वलसाड

--------------------------------

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत वलसाड जिले में गाँव-गाँव प्राकृतिक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। आत्मा परियोजना द्वारा अब स्कूलों में मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि नई पीढ़ी के बच्चे प्राकृतिक खेती के महत्व को समझ सकें। इसी कड़ी में, वापी तालुका के करमखल गाँव के प्राथमिक विद्यालय में, करमखल गाँव के प्रगतिशील किसान श्री भरतभाई बालूभाई पटेल द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षक मित्रों के साथ-साथ गाँव के किसान भाइयों को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में मार्गदर्शन दिया गया, साथ ही उन्होंने देशी गायों के गोबर और गौमूत्र से जीवामृत और घन जीवामृत बनाने की जानकारी भी दी।

# वलसाड ज़िले के किसानों से 20 जुलाई तक किसान पंजीकरण हेतु पंजीकरण कराने का अनुरोध

डेयर टू शेयर - वलसाड

------------------------------


भारत सरकार ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना - कृषि एग्रीटेक परियोजना लागू की है, जिसके अंतर्गत सभी किसान खाताधारकों के लिए किसान पंजीकरण हेतु पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है। किसान रजिस्ट्री का मुख्य उपयोग जिले के सभी किसानों को कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी एवं समय पर उपलब्ध कराना है। इसके अलावा, किसान रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों की पहचान स्थापित की जा सकेगी और कृषि ऋण, समर्थन मूल्य पर खरीद, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी कृषि सेवाओं का लाभ किसानों को शीघ्र उपलब्ध कराया जा सकेगा। वर्तमान में, पीएम किसान योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले सभी किसानों के लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गई है। वलसाड जिले में कुल 154712 सक्रिय किसान हैं, जिन्हें पीएम किसान योजना के तहत लगातार लाभ मिल रहा है। जिनमें से कुल 118204 लाख किसानों ने किसान रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि 27732 किसानों ने किसान रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी नहीं की है। इसलिए, राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, केवल वे किसान जिन्होंने पीएम किसान के तहत किसान के रूप में पंजीकरण कराया है, वे ही अगली किश्तों के लिए पात्र होंगे। शेष किसानों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने गांवों के वीसीई/सीएससी केंद्र/ग्राम सेवक/तलाटी से संपर्क करें और जिला प्रशासन के माध्यम से 20/07/2025 तक अपना किसान पंजीकरण करवा लें। गांव से बाहर रहने वाले किसान gjfr.agristack.gov.in/farmer-registry-gj/#/ वेबसाइट पर जाकर स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं या किसी भी नजदीकी सीएससी (कंप्यूटर सहायता केंद्र) पर जाकर अपनी किसान रजिस्ट्री करवा सकते हैं। इसके लिए सभी किसानों को आधार कार्ड/भूमि स्वामित्व विलेख- 8ए/7-12 की प्रति के साथ-साथ आधार कार्ड लिंक वाला मोबाइल रखना अति आवश्यक है और दस्तावेज की प्रति किसी भी ऑपरेटर को नहीं देनी है। केवल किसान रजिस्ट्री के लिए आवश्यक विवरण ही ऑपरेटर को देना है, ऐसा जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत कृषि शाखा के माध्यम से जिन खाताधारकों ने अपने किसानों का पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें पत्र भेजा गया है, शेष खाताधारकों को तुरंत अपने किसानों का पंजीकरण कराना होगा, अन्यथा लाभ से वंचित होने की संभावना है पीएम किसान की, जिसका खाताधारकों को ध्यान रखना होगा और जो किसान समय सीमा के भीतर पंजीकरण नहीं कराते हैं उन्हें संदिग्ध माना जाएगा। ऐसे लाभार्थियों को अपात्र या मृत्यु चिह्नित करना होगा। वलसाड जिले में भारत सरकार और गुजरात सरकार द्वारा संचालित पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त का लाभ 154712 किसान ले रहे हैं। जिनके लिए किसान पंजीकरण अनिवार्य है। वलसाड जिले के कुल 473 गांवों में से 71 गांवों में पीएम किसान के तहत लाभ ले रहे 90 से 100% सक्रिय किसानों का पंजीकरण हो चुका है। ऐसे गांवों में आगर फलिया, अतुल (सीटी), भदेली देसाई पार्टी, भागल, भागदाखुर्द, भागदाखुर्द (ओजी), भोमापर्डी, चिखला, चिंचाई, चोबडिया, दांडी, धमदाची, डुंगरी, गडरिया, घडोई, गोरगाम, जेसपोर, काचीगाम, काकड़माटी, कंजनरांचोड़, कोचवाड़ा, कोसमकुवा, मालवण, मरला नवेरा, पंचलाई, पारदी हरिया, पारदी सोंधपुर (सीटी), पाथरी, रबदा, रोनवेल, सारंगपुर, सरोधी, शंकर झील, सोनवाड़ा, तिघरा, तीथल (ओजी), उमरसाडी, वाघलाधारा, वासन, वशियार (ओजी), वेजलपोर, वेलवाच, पारदी तालुका में इमली, बोरलाई, काछवाल, कलसर, खेरलाव, खुंटेज, किकरला, कुंभारिया, लखमपुर हैं। वापी तालुका में निमखल, ओरवाड (सीटी), समरपाड़ा, सारन, सोंधलवाड़ा, वराई, वेलपरवा, कवल, वंकाच, धरमपुर तालुका में भांभा, मरघमल, तनाचिया, वीरवल, कपराडा तालुका में बाबरखडक, खरेड़ी, नलीमधानी, वडखंबा, वाजवड और उमरगाम तालुका के दाहद गांव शामिल हैं। इन गांवों में किसानों का सहयोग अच्छा रहा है. ग्राम ग्राम सेविकाश्री, तलाटी कम्मंत्रीश्री, वीसीई, सीएससी ने बहुत अच्छा काम किया है। किसानों ने स्वयं भी किसान पंजीकरण कराया है। जिला प्रशासन के माध्यम से अन्य गाँवों में भी शत-प्रतिशत किसान पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें शेष किसानों द्वारा पर्याप्त सहयोग दिया जाना वांछनीय है, ऐसा जिला कृषि अधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है।

# वलसाड जिला सड़क एवं भवन विभाग (राज्य) ने जिले के विभिन्न पुलों का निरीक्षण किया

डेयर टू शेयर - वलसाड

——————————————

राज्य सरकार द्वारा सुझाए गए पुल निरीक्षण अभियान के अंतर्गत, वलसाड जिला सड़क एवं भवन विभाग (राज्य) कार्यालय के नियंत्रणाधीन 33 बड़े पुलों, 39 छोटे पुलों और 7 रेलवे ओवरब्रिजों, जो वर्तमान में चालू हैं, का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के दौरान, सभी पुल वाहनों के आवागमन के लिए उपयुक्त पाए गए हैं। इनमें वलसाड




तालुका के कस्टम हाउस से लीलापुर जाने वाला औरंगा नदी पर बना पुल, जो पिछले दो वर्षों से भारी वाहनों के लिए बंद था, अब दोपहिया वाहनों को छोड़कर सभी भारी और हल्के वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है और एक वैकल्पिक मार्ग सुझाया गया है। ठेकेदार को इस पुल के बगल में बन रहे नए पुल का काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जहाँ आवश्यक हो, वहाँ पुलों की मरम्मत का काम किया गया है।

### वापी नगर निगम की उपायुक्त श्री

# आस्था सोलंकी ने सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया

डेयर टू शेयर - वलसाड

--------------------------------

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल ने राज्य की सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। दिनांक 16/07/2025 को, वापी नगर निगम की उपायुक्त श्री आस्था सोलंकी ने शहर भर में नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं और सुविधा को बढ़ाने के लिए मानसून के मौसम में टूटी सड़कों पर किए गए मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। जिसमें यूपीएल ब्रिज से सटे सर्विस रोड और चिरी ज्ञान गंगा स्कूल की ओर जाने वाली सड़क का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा, उप नगर आयुक्त ने मानसून से पहले बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया और सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में मेघ मयूर



सोसायटी और धर्माशी पार्क का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा बढ़ाना और दुर्घटनाओं को कम करना है। दौरे के दौरान उपायुक्त के साथ नगर अभियंता रेगन पटेल और सिविल इंजीनियर रामचंद्र देसाई मौजूद थे।

# वलसाड के सखी वन स्टॉप सेंटर ने परिवार से बिछड़ी मध्य प्रदेश की लड़की को मिलाया

डेयर टू शेयर - वलसाड

--------------------------------

28/06/2025 को, वलसाड रेलवे पुलिस मध्य प्रदेश की एक लड़की को सखी वन स्टॉप सेंटर लेकर आई और उसे आश्रय की आवश्यकता होने पर अस्थायी आश्रय दिया। उसे आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की गईं और चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होने पर उसे सिविल अस्पताल भी ले जाया गया। आवेदक बेन ने काउंसलिंग करते हुए बताया कि एक वर्ष पूर्व वापी निवासी आलोक एक कंपनी में कार्यरत था और अपनी सहेली के साथ अपना पीएफ जमा कराने वापी आया था। लौटते समय उसकी सहेली किसी कारणवश उसे छोड़कर चली गई थी, इसलिए उसे समझ नहीं आ रहा था कि कौन सी ट्रेन पकड़नी है। इसलिए लड़की ने वलसाड रेलवे पुलिस की मदद ली। पुलिस उसे सखी वन स्टॉप सेंटर ले आई। सेंटर ने उसके परिवार से संपर्क किया और उन्हें उनकी बेटी के बारे में बताया। परिवार ने बताया कि वे अपनी बेटी को



लेने आ रहे हैं। 02/07/2025 को उसका परिवार सखी वन स्टॉप सेंटर वलसाड आया और उसकी काउंसलिंग की गई। वे अपनी बेटी को अपने साथ घर ले जाना चाहते थे। इसलिए, लड़की की कस्टडी उसके परिवार को सौंप दी गई। इस प्रकार, सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अपने परिवार से मिल गई लड़की के परिवार ने राज्य सरकार की इस सेवा के लिए केंद्र के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि राज्य सरकार के महिला एवं बाल अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत वलसाड जिले में संचालित "सखी" वन स्टॉप सेंटर, चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, परामर्श, अस्थायी आश्रय के साथ-साथ विवाह पूर्व और विवाहोत्तर परामर्श जैसी विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है।

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महेशभाई अगरिया ने रखोली मंडल में की पहली संगठनात्मक बैठक, कार्यकर्ताओं में भरा नया उत्साह

### आदिवासी परंपरा से हुआ स्वागत, नवनियुक्त अध्यक्ष महेशभाई अगरिया ने दिखाई संगठन सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता

### रखोली मंडल में जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों से मिले भाजपा नेता, मिली संगठन को मजबूत करने की शुभकामनाएं





### प्रदेश प्रभारी दुष्यंतभाई पटेल का संदेश – संगठन का हर कार्यकर्ता प्रदेश विकास में निभाए महत्वपूर्ण भूमिका

डेयर टू शेयर - दमन

--------------------------------

भाजपा दादरा नगर हवेली और दमन और दीव राज्य के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री महेशभाई अगरिया जी ने दिनांक 16/07/2025 को सिलवासा ग्रामीण जिले के रखोली मंडल की भेंट की। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी श्री दुष्यंतभाई पटेल के साथ प्रदेश महामंत्री श्री सुनीलभाई पाटील और श्री जीतुभाई माढा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री धर्मेशसिंह चौहान और श्रीमती भारतीबेन हलपति, पूर्व महामंत्री श्री मनीषभाई देसाई उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष श्री महेशभाई अगरिया का स्वागत आदिवासी समाज की पारंपरिक वाद्य यंत्रों, तुर और थाली से भव्य रूप में किया गया। सिलवासा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री दीपक प्रधान और रखोली मंडल अध्यक्ष श्री सूरज पटेल के साथ रखोली पंचायत की सरपंच श्रीमती चंदनबेन पटेल और सभी पंचायत सदस्य, प्रत्येक बूथ अध्यक्ष, पंचायत के सभी पूर्व सदस्य, व्यापारी वर्ग, उत्तर भारतीय समाज, मराठी समाज, स्वयं सहायता महिला समूह की महिलाएं, किसान एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने आमने-सामने मिलकर नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी एवं भाजपा संगठन को सशक्त बनाने की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष श्री महेशभाई अगरिया ने पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को सक्षम बनाकर संगठन को मजबूत करने की तत्परता दिखाई। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें जो अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है, उसे निभाने के लिए वे अपनी संपूर्ण ताकत झोंक देंगे। प्रदेश प्रभारी श्री दुष्यंतभाई पटेल ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में भाजपा संगठन के सभी कार्यकर्ता अपना पूरा योगदान देंगे। इस दौरे से स्पष्ट है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व अब जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय हो चुका है। आदिवासी समाज से लेकर विभिन्न वर्गों की उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि पार्टी स्थानीय समुदायों को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति पर कार्य कर रही है। महेशभाई अगरिया का स्वागत जिस आत्मीयता से हुआ, वह यह भी दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर उनकी स्वीकार्यता मजबूत है। साथ ही, प्रदेश प्रभारी द्वारा संगठनात्मक सहयोग और विकास में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर जोर देना भविष्य की रणनीति की झलक देता है।

# अथोला में खुला दानह काँग्रेस का नया कार्यालय



### रमण काकवा एवं दिगेश जोशी ने थामा काँग्रेस का हाथ


डेयर टू शेयर - सिलवासा

--------------------------------

दादरा एवं नगर हवेली काँग्रेस अध्यक्ष के पद पर हाईकमान द्वारा विधिवत नियुक्ति होने के बाद प्रभु टोकिया प्रदेश में काँग्रेस की जड़ मजबूत करने में जुटे हैं। गत दिनों सिलवासा के अथोला में नए काँग्रेस कार्यालय के उदघाटन पर काफी तादाद में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मजबूती दर्शाई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमण काकवा एवं पूर्व महिला काँग्रेस अध्यक्षा के पति दिगेश जोशी ने काँग्रेस की सोच पर मुहर लगाते हुये पार्टी में शामिल हुये। जहां काँग्रेस अध्यक्ष द्वारा खेस पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभु टोकिया ने कहा कि यह कार्यालय जनसंवाद, जन समस्याओं के समाधान और पार्टी गतिविधियों के समन्वय के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस प्रत्येक पंचायत में लोगों को लोकतंत्र, समानता और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रभु टोकिया ने दादरा एवं नगर हवेली में भाजपा के 11 वर्षों के शासन की कड़ी आलोचना की और कुशासन, भ्रष्टाचार और जन कल्याण की उपेक्षा जैसे मुद्दों की ओर इशारा किया।

### जनसंवाद, जन समस्याओं के समाधान और पार्टी गतिविधियों के समन्वय के केंद्र के रूप में कार्य करेगा जन संपर्क कार्यालय : प्रभु टोकिया

# जनता की आवाज़ पर तुरंत कार्रवाई, नरोली क्षेत्र में सड़क कार्य शुरू



डेयर टू शेयर - नरोली /अथाल

--------------------------------

"रजुआत की होती है असर और मिलती है सफलता" — इस कहावत को चरितार्थ करते हुए दमनगंगा नदी के नरोली की ओर की श्मशान भूमि पर जाने वाले जर्जर एवं कीचड़ युक्त रास्ते का कार्य अब प्रारंभ कर दिया गया है। नरोली पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव के सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता योगेशसिंह सोलंकी और उनकी टीम द्वारा एक सोशल साइड फेसबुक के माध्यम से एक पोस्ट प्राप्त हुई उस पोस्ट को जनहित की रजुआत लेते हुए तुरंत संज्ञान में लिया गया और कार्य शुरू करवा दिया गया। हालांकि यह क्षेत्र प्रशासनिक रूप से खरडपाड़ा अथाल पंचायत में आता है, फिर भी इस मानवीय ज़रूरत के कार्य को योगेशसिंह ने प्राथमिकता देते हुए एक सजग नेता के रूप में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। वह सदैव लोकहित के कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनके इस सराहनीय कार्य की मैं प्रशंसा करता हूँ और हृदय से बधाई देता हूँ।

# दमण में बीएलओ के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### मतदाता सूची सत्यापन, फॉर्म भरने और मोबाइल ऐप उपयोग पर मिला प्रशिक्षण




डेयर टू शेयर - मोती दमण

--------------------------------

निर्वाचन विभाग द्वारा बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 जुलाई को दोपहर 3:30 बजे, कलेक्टर कार्यालय, मोती दमण के सम्मेलन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चुनावी प्रक्रियाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु बीएलओ को आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करना था। प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी (DEO) और निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ERO) की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र में शामिल प्रमुख बिंदु: बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति के नाम, आयु, लिंग, पता आदि का सत्यापन करना अनिवार्य बताया गया। पात्र नागरिकों को फॉर्म 6 (नया पंजीकरण), फॉर्म 7 (नाम विलोपन), और फॉर्म 8 (सुधार) भरने में सहायता करने का दायित्व सौंपा गया। बीएलओ को चुनाव आयोग द्वारा विकसित मोबाइल ऐप के प्रयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे प्रक्रिया अधिक डिजिटल और पारदर्शी हो सके। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बीएलओ को बूथ स्तर पर अधिक सक्रिय, सक्षम एवं तकनीकी रूप से दक्ष बनाने का प्रयास किया गया, ताकि आगामी चुनावों में स्वच्छ एवं त्रुटिहीन मतदाता सूची सुनिश्चित की जा सके।

# स्वामी नारायण मंदिर के सामने रोड क्रॉसिंग बनाने की मांग

### काँग्रेस अध्यक्ष प्रभु टोकिया ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र



डेयर टू शेयर - सिलवासा

--------------------------------

दादरा एवं नगर हवेली के अथाल विस्तार में दमणगंगा नदी के तट के पास स्वामी नारायण मंदिर स्थित है. यह मंदिर दादरा नगर हवेली में हिंदु धार्मिक स्थल के साथ-साथ लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन गया है. जहां पर दादरा एवं नगर हवेली, दमण, गुजरात और महाराष्ट्र विस्तार के श्रध्धालु भगवान स्वामीनारायण का दर्शन करने आते है. इसके अलावा भगवान स्वामीनारायण प्रांगण में एक बडा स्कूल भी है जहां सुबह, दोपहर और शाम के समय सैकड़ो विधार्थी, विध्यार्थियों के अभिभावक और स्कूल मैनेजमेंट के स्टाफ का आना जाना होता है। अथाल-खरडपाडा और नरोली विस्तार के जनता की श्मशान भूमि है और इसी विस्तार में सोसायटी बनी है. परंतु सिलवासा से जाते समय भगवान स्वामिनारायण मंदिर और स्कूल में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं रखा गया है. करीब एक किलोमीटर आकर रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास से घुमकर आना पड़ता है. इस वजह से भगवान स्वामिनारायण मंदिर और स्कूल में जाने को लिए बहुत बडी समस्या हो रही है. नरोली-भिलाड मुख्य मार्ग होने की वजह से गाड़ियों का आवागमन बडी संख्या में होता है और रोग साइड में आवागमन के कारण बड़ा अकस्मात होने का हमेशा भय रहता है. सिलवासा से जाने वाले भगवान स्वामिनारायण मंदिर के पास रोड क्रॉसिंग करने हेतु तत्काल रोड सुविधा की जाये ताकि आने-जाने वालों के लिए सुविधा हो सके।

# दीव में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से प्रभावित हुए उत्तराखंड के मंत्री डॉ. धन सिंह रावत

# दो दिवसीय दौरे में विद्यालयों, आयुष्मान केंद्र और अस्पताल का निरीक्षण कर की सराहना

डेयर टू शेयर - दीव

--------------------------------





उत्तराखंड सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दो दिवसीय दीव दौरे के दौरान शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया और दीव के समग्र विकास की सराहना की। दीव एयरपोर्ट पर आगमन पर उप समाहर्ता एवं प्रभागीय मजिस्ट्रेट शिवम मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद मंत्री डॉ. रावत ने घोघला स्थित पांजरापोर इंग्लिश मीडियम स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने कक्षाओं और प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ से संवाद किया। उन्होंने विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं की सराहना करते हुए स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। इसके पश्चात डॉ. रावत ने घोघला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का दौरा किया और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आशा कार्यकर्ताओं व कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने नागरिकों को मिल रही बेहतर चिकित्सा सेवाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मंत्रीजी ने केवड़ी स्थित एजुकेशन हब का भी दौरा किया। यहां उन्होंने छात्रों से संवाद किया और शिक्षा की गुणवत्ता व सुविधाओं की जानकारी ली। डॉ. रावत एजुकेशन हब के समग्र प्रबंधन, अधोसंरचना और सुविधाओं से अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रशासक प्रफुल पटेल की सराहना की। अपने दौरे के दौरान मंत्रीजी ने आईएनएस खुकरी वेसेल, दीव किला, गंगेश्वर मंदिर और खुकरी मेमोरियल जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों का भी भ्रमण किया। इसके साथ ही उन्होंने दीव अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया और अस्पताल में दी जा रही सेवाओं पर संतोष जताया।

# भाजपा अध्यक्ष महेश अगरिया का प्रदेशभर में भव्य स्वागत

## समारोह स्थल एवं प्रमुख उपस्थिति




### दमन नगरपालिका

अध्यक्ष: श्री अस्पी दमनीया, उपाध्यक्षा: श्रीमती रश्मिबेन हलपति
काउंसिलरगण: श्रीमती तमन्ना बेन मिठानी, जसविंदर कौर, सोहिना बेन पटेल, श्री आशीष टंडेल, चंद्रगिरि टंडेल, विनय पटेल




### भीमपोर ग्राम पंचायत

सरपंच: श्री शांतु भाई पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष: श्री सूखा भाई पटेल, मंडल के पूर्व अध्यक्ष: श्री जीगर भाई पटेल सभी पंचायत सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित




### घेलवाड़ ग्राम पंचायत

सरपंच: श्रीमती हिताक्षी बेन पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष: श्री विकास बाबू पटेल, जिला पंचायत सदस्य: श्रीमती सिम्पल बेन अमृत भाई पटेल, मंडल अध्यक्ष: श्री मेहुल बी पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता: श्री अमृत भाई पटेल, श्री जिग्नेश डाह्याभाई पटेल




### मरवड़ ग्राम पंचायत

सरपंच: श्रीमती प्रीति बेन हलपति, प्रमुख कार्यकर्ता: श्री बी.एम. माछी, श्री पीयूष पटेल, श्री सतीश पटेल, श्री जयेश भाई पटेल, युवा नेता राकेश पटेल, पंचायत सदस्य विनोद भाई पटेल, अशोक भाई पटेल




### दाभेल ग्राम पंचायत

सरपंच: श्रीमती हेमाक्षी बेन पटेल, उपसरपंच: श्रीमती करिश्मा बेन पटेल, जिला पंचायत सदस्य: डॉ. भूपेन्द्र भाई पटेल, वरिष्ठ नेता: श्री गुलाब भाई बाबूभाई पटेल, श्री धनसुख पटेल, श्री विमल पटेल, श्री राम सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष भावेश पटेल, आटियावाड़ के पूर्व अध्यक्ष अमृत भाई पटेल, भाजपा युवा नेता: जिग्नेश भाई पटेल




### दादरा ग्राम पंचायत

सरपंच: श्रीमती सुमित्रा बेन पटेल, उपसरपंच: श्री कमलेश भाई देशाई, सदस्यगण: पंचायत के सभी सदस्य भाजपा पदाधिकारी: प्रदेश महामंत्री सुनील पाटिल, श्री जीतू भाई माढ़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष भारती बेन हलपति,सिलवासा शहर जिला अध्यक्ष शांतु भाई पुजारी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष दीपक भाई प्रधान, जिला पंचायत सदस्य वैशाली बेन पटेल, युवा अधिवक्ता मयूरी बेन पटेल, दादरा मंडल अध्यक्ष विजेश भाई पटेल, पूर्व अध्यक्ष अजीत भाई पटेल

## घेलवाड़, मरवड़, दाभेल, भीमपोर, दादरा पंचायतों में संगठन की ताक़त दिखी : बूथ स्तर तक भाजपा को मजबूत करने का आह्वान, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार

डेयर टू शेयर - दमन-दादरा

--------------------------------------------------

भारतीय जनता पार्टी दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश भाई अगरिया का प्रदेशभर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत-सत्कार समारोहों का आयोजन दमन नगरपालिका, भीमपोर ग्राम पंचायत, घेलवाड़ ग्राम पंचायत, मरवड़ पंचायत, दाभेल पंचायत और दादरा ग्राम पंचायत सहित विभिन्न स्थानों पर हुआ। इन समारोहों की विशेषता यह रही कि हर गांव, पंचायत और भाजपा मंडल ने पूरी निष्ठा से भाग लिया और संगठन की एकजुटता का प्रदर्शन किया। सभी समारोहों में भाजपा के प्रदेश प्रभारी आदरणीय श्री दुष्यंत भाई पटेल की विशेष उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रमों को उच्च राजनीतिक महत्व मिला। इन स्वागत समारोहों ने यह स्पष्ट किया कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा दमन-दादरा क्षेत्र में न केवल मजबूत है, बल्कि हर स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय और संगठित हैं। श्री महेश भाई अगरिया ने अपने सभी भाषणों में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय से कार्य करने और जन-जन तक पार्टी की नीति-रीति पहुँचाने का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों में जोश व समर्पण का जो दृश्य इन आयोजनों में सामने आया, वह 2026 के चुनावी समीकरणों में भाजपा को बड़ी बढ़त देने वाला साबित हो सकता है।

# दमन पुलिस की चुस्ती से खुला चोरी का राज: साइकिल चोर गिरोह धराया, 12 साइकिलें और 1स्कूटर जब्त

डेयर टू शेयर - दमन

----------------------------

दमन पुलिस ने साइकिल चोरी के मामले में सतर्कता, सूझबूझ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उनके कब्जे से 12 अलग-अलग कंपनियों की चोरी की साइकिलें और एक एक्टिवा स्कूटर जब्त किया है, जिससे वे वारदातों को अंजाम देते थे। दिनांक 08 जुलाई 2025 को धृति राणा नामक छात्रा ने नानी दमन जेटी स्थित नर्सिंग कॉलेज की पार्किंग में अपनी साइकिल खड़ी की थी, जो कॉलेज की छुट्टी के बाद चोरी हो गई। कॉलेज के CCTV फुटेज की जांच में एक अज्ञात व्यक्ति साइकिल चोरी करता हुआ स्पष्ट रूप से नजर आया। इस पर नानी



दमन पुलिस स्टेशन में धारा 303(2) BNS, 2023 के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से जांच प्रारंभ की। फुटेज के आधार पर दो व्यक्ति एक एक्टिवा स्कूटर (GJ15DM6640) से आते हुए दिखे, जिनमें से एक साइकिल चुराकर स्कूटर पर चला गया। इसके बाद पुलिस ने उनके भागने के रूट की गहराई से जांच की, जिसके लिए दमन, वापी और सिलवासा की 100 से अधिक जगहों के CCTV फुटेज खंगाले गए। अंततः सिलवासा के दादरा दमनी रोड पर दोनों व्यक्तियों की पहचान हुई।



गिरफ्तार किए गए आरोपी:
1. कंचनकुमार राजेन्द्र साह उम्र: 36 वर्ष पता: यादवभाई की चाल, मह्यावंशी फलिया, दादरा दमनी रोड, सिलवासा, दादरा नगर हवेली
2. रामचंद्र शिवराम प्रजापति उम्र: 35 वर्ष पता: हरीशभाई की बिल्डिंग, कमरा नंबर 206, दादरा दमनी रोड, सिलवासा, दादरा नगर हवेली

बरामद सामान: 12 अलग-अलग कंपनियों की साइकिलें एक एक्टिवा स्कूटर (रजिस्ट्रेशन नंबर: GJ15DM6640)




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक : संध्या चौहान द्वारा 15, 78, सी-6-2, खारीवाड़ नानी दमण (दमण-दीव) से प्रकाशित तथा ताप्तीलोक पब्लिकेशन, 152-153, श्री राम इंडस्ट्रीयल इस्टेट, मोजे भेडवार, पांडेसरा, सूरत से मुद्रित ।
संपादक : मनोज रावल, मोबाईल नं. 8000360011 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।) किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दमण होगा।